कार्यालय प्राचार्य,राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी(राज.)

Telephone &Fax no. 0747-2443477Email-id ggcbnd95@gmail.com

क्रमांक :

दिनांकः 15.11.2017

प्रेस–नोट

राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं की आज दिनांक 15/11/17 को अग्रवाल आई एण्ड स्किन हॉस्पिटल बून्दी के नेत्र सर्जन एवं फेको विशेषज्ञ डॉ. संजय गुप्ता द्वारा निशुल्क नेत्र जॉच की गई। जॉचं शिविर से पूर्व डॉ. संजय गुप्ता ने महाविद्यालय में नेत्र विकार एवं निवारण विषय पर व्याख्यान देते हुये, ऑखो की समान्य देखभाल, किशोरावस्था में होने वाले कम्प्यूटर विजन सिन्ड्रोम, डाई आई, नासूर, नाखूना, एलर्जी आदि के कारणों व निवारण पर विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ. पी के सालोदिया ने नेत्र जॉच को हर आयु में उपयोगी बताते हुये जॉच शिविर की उपयोगिता पर बल दिया एवं छात्राओं को आहवान किया कि इस नेत्र जॉच शिविर मे अपनी ऑखों की जॉच करवा कर अपनी ऑखों को स्वस्थ रखें।महिला प्रकोष्ठ तथा युवा विकास केन्द्र, व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में इस शिविर में 145 छात्राओं की जॉच की गई। इस अवसर पर डॉ. श्रुति अग्रवाल, श्री वीरम देव, श्री विनोद कुमार मीणा, डॉ. डी.पी. त्रिपाठी तथा श्री आर.पी.गुप्ता उपस्थित रहें। हेल्प इन रिस्क (हीर) संस्थान के संस्थापक श्री संजय खान व शरीफ खान, तनवीर, रवि सुमन, आदि ने भी शिविर में सहयोग दिया।

15/11/17

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय,बून्दी

कार्यालय प्राचार्य,राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी(राज.)

Telephone No.0747-2443477 Fax no. 0747-2443477-Email-id {ggcbnd95@gmail.com}

क्रमांकः

दिनांकः 29.12.2017

प्रेस नोट

राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी में आज दिनांक 29/12/2017 को 7 दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन उपाचार्य श्री जय कुमार जैन ने किया, N.N.S. स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में श्रम–दान किया एवं सांय काल में कार्यक्रम में "**जल स्वावलम्बन अभियान** " विषय पर **आशुभाषण** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दीक्षा नायक प्रथम, रीना सैनी द्वितीय, निशा परासर एवं प्रियंका सैनी तृतीय स्थान पर रही।

विजेता छात्राओं को उपाचार्य श्री जय कुमार जैन ने बधाई दी। एवं स्वयं सेविकाओं के द्वारा कियें श्रम–दान किया प्रशंसा की । कार्यक्रम का संचालन N.N.S. कार्यक्रम अधिकारी श्री सत्यप्रकाश मीणा ने किया।

29.12.17

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय, बून्दी

कार्यालय प्राचार्य,राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी(राज.)
Telephone No.0747-2443477 Fax no. 0747-2443477-Email-id {ggcbnd95@gmail.com}
क्रमांक:
दिनांक: 28.12.2017

प्रेस नोट

राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी में आज दिनांक 28/12/2017 को 7 दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन उपाचार्य श्री जय कुमार जैन ने किया, N.N.S. स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में श्रम–दान किया एवं सांय काल में कार्यक्रम के एक "**भारत श्रेष्ठ भारत**" विषय पर **नारा लेखन** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता छात्राओं को उपाचार्य श्री जय कुमार जैन ने बधाई दी।

कार्यक्रम का संचालन N.N.S. कार्यक्रम अधिकारी श्री सत्यप्रकाश मीणा ने किया।

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय, बून्दी

E:\N.N.S.2017-18\PRESS NOTE 2017\NSS PRESS NOTE 2017-18.docx

कार्यालय प्राचार्य,राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी(राज.)

Telephone No.0747-2443477 Fax no. 0747-2443477-Email-id {ggcbnd95@gmail.com}

क्रमांकः दिनांकः 26.12.2017

प्रेस नोट

राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी में आज दिनांक 26/12/2017 को 7 दिवसीय विशेष शिविर का प्रारंम्भ किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात प्राचार्य डॉ0. पीयूष कुमार सालोदिया ने की उन्होने सार्वजनिक जीवन में श्रमदान एवं लोक हित सेवा का महत्व बताया। आज के मुख्य अतिथि कोटा के न्यूट्रिशीयन एड़वाजर श्रीमति कीर्ति सैन थी, जिन्होंने महिला स्वास्थ्य में उतम और ताजा भोजन, फल आदि की आपूर्ति से तन–मन स्वस्थ रखने की जानकारी दी एवं सहायक न्यूट्रिशीयन एड़वाजर सुश्री स्नेहलता ने भी समय पर भोजन, निद्रा और व्यायाम की जीवन शैली से उतम स्वास्थ्य रखने की जानकारी प्रदान की।

उपाचार्य श्री जय कुमार जैन ने अतिथियों का स्वागत किया एवं धन्यवाद दिया। इस अवसर पर " **बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं**" विषय पर कविता पाठ प्रतियोगिता हुई जिसमें शान्ति कुशवाह प्रथम, प्रियंका गोचर द्वितीय, आकांक्षा नायक तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन N.N.S. कार्यक्रम अधिकारी श्री सत्यप्रकाश मीणा ने किया और विजेता छात्राओ को धन्यवाद दिया।

26.12.17

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय, बून्दी

E:\sunil kumar sharma\all ms and letter\NSS PRESS NOTE 2017-18.docx